मैंने हिंदी की किताबें ख़रीदीं

मोदीजी : दीपक, पिछले हफ़्ते तुम कक्षा में अनुपस्थित क्यों थे ?

दीपक : सर, मैं दिल्ली गया था | मेरे दोस्त ने बुलाया था |

मोदीजी : दिल्ली पहली बार गये थे ?

दीपक : जी हाँ |

मोदीजी : तुम्हें दिल्ली अच्छी लगी ?

दीपक : अच्छी लगी थी और नहीं भी लगी |

मोदीजी : मैं समझा नहीं |

दीपक : वहाँ ऑटोवाले लोगों को तंग करते हैं | वे मीटर ही नहीं चलाते | थोड़ी-सी दूरी के लिए बहुत पैसे लेते हैं | उन्होंने अनुशासन सीखा ही नहीं | मुम्बई में ऐसा नहीं है | यहाँ का यातायात-बन्दोबस्त कहीं अच्छा है ?

मोदीजी : दिल्ली में तुम्हें अच्छा क्या लगा ?

दीपक : वह ऐतिहासिक शहर है | मैंने वहाँ लाल क़िला, लोटस मंदिर, संसद भवन वग़ैरह देखा |

मोदीजी : राष्ट्रपति भवन अंदर से देखन ?

दीपक : जी नहीं, बाहर से | मैंने वह जगह भी देखी, जहाँ गणतंत्र दिवस की परेड होती है |

मोदीजी : वहाँ तुमने लोगों से हिन्दी में बात की ?

दीपक : जी सर, वहाँ तो सब लोग हिंदी बोलते हैं | मैं भी वहाँ हिंदी बोलता था | मेरा दिसत मेरी ग़लतियाँ सुधारता था |

मोदीजी : तुमने वहाँ से क्या ख़रीदा ?

दीपक : मैंने हिंदी की दो किताबें खरीदीं और अपने दोस्तों के लिए उपहार ख़रीदा |

1- Hindī dilinde geçmiş zaman kullanımını öğrenmek, geçişli ve geçişsiz cümlelerin kullanımı metin içinden analiz etmek.